India's No.1 Natural GAS Company

# 34वीं वार्षिक आम बैठक
# 34th Annual General Meeting

## अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का वक्तव्य
## Address of Chairman & Managing Director

11 सितम्बर, 2018

11th September, 2018



EXECUTION

EFFICIENCY

EXCELLENCE

गेल (इंडिया) लिमिटेड

# गेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का एजीएम भाषण



**श्री बी.सी. त्रिपाठी**
**अध्यक्ष एवं प्रबंधक निदेशक**

*प्रिय शेयरधारकों,*

देवियों और सज्जनों !

सुप्रभात!

मैं आपकी कंपनी की 34वीं वार्षिक आम सभा में बोर्ड की ओर से आप सभी का हार्दिक स्वागत करता हूं।

आपकी कंपनी गठन की 35वीं वर्षगांठ का जश्न मना रही है और इस ऐतिहासिक अवसर पर आपके समक्ष कंपनी के वार्षिक कार्य निष्पादन का विवरण प्रस्तुत करना मेरे लिए गर्व और सौभाग्य की बात है। समीक्षाधीन वर्ष में आपकी कंपनी ने बहुआयामी विकास देखा है और अभूतपूर्व सफलता दर्ज की है। गेल पिछले 3 दशकों से भारतीय गैस बाजार की अग्रणी कंपनी है और आज इसकी गणना देश में हरित ऊर्जा परिदृश्य के विस्तार में भारत सरकार के मिशन को आगे बढ़ाने में अभिन्न संस्था के रूप में की जाती है।

वार्षिक आम सभा की सूचना के साथ आपको 31 मार्च 2018 को समाप्त वित्त वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट भी अग्रिम रूप में भेज दी गई थी ताकि आप सावधानी से उसे पढ़ लें और मेरा मानना है कि आप ने इसे पढ़ लिया होगा।

## विकास का कीर्तिमान

देश की सशक्त आर्थिक गतिविधि के समर्थन से आपकी कंपनी ने सभी व्यवसाय खंडों में भौतिक रूप से उल्लेखनीय मात्रात्मक वृद्धि दर्ज की है। प्राकृतिक गैस परिसंचरण और गैस व्यापार में पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जबकि पेट्रोकेमिकल्स और तरल हाइड्रोकार्बन की मात्रा में 17 प्रतिशत की उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई।

आपको अवगत कराते हुए मुझे अति प्रसन्नता है कि आपकी कंपनी ने कर पश्चात लाभ में अब तक का सबसे उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कंपनी ने 53,690 करोड़ रु. (एकल आधार पर) का कारोबार करते हुए 4,618 करोड़ रु. का यह लाभ दर्ज किया है। विगत वित्त वर्ष की तुलना में इस बार कर पश्चात लाभ (पीएटी) 32 प्रतिशत अधिक है।

आपकी कंपनी ने प्रतिस्पर्धा और मुनाफा में आगे रहने के दोहरे लक्ष्य को हासिल करने के लिए इस वर्ष एलएनजी पोर्टफोलियो से अधिकतम लाभ लेने के कई नए प्रयास किए ताकि कंपनी के एलएनजी पोर्टफोलियो पर कोई जोखिम नहीं आए। इसके लिए हम ने विश्वप्रसिद्ध कंपनियों से डेस्टिनेशन और स्वैप टर्म कॉन्ट्रेक्ट किए और साथ ही, कमोडिटी हेजिंग भी की ताकि कमोडिटी मूल्यों में उतार-चढ़ाव हमारे लिए जोखिम नहीं पैदा करे। वर्तमान वास्तविकता के परिपेक्ष्य में डाउनस्ट्रीम बाजार की उम्मीदों पर खरा उतरने के मकसद से मेसर्स गेजप्रॉम मार्केटिंग एण्ड ट्रेडिंग सर्विसेज़ के साथ परस्पर सहयोग से पुनः लंबी अवधि के एलएनजी एसपीए करार पर कार्य किया गया है और यह अंतर्राष्ट्रीय बाजार में एक उल्लेखनीय उदाहरण है।

पिछले कुछ वर्षों में आपकी कंपनी में कुछ आधारभूत परिवर्तन करते हुए हमने इसके उत्पादों और सेवाओं की रेंज़ और पहुंच का विस्तार किया है ताकि हमारे लिए समाज के आर्थिक लक्ष्यों को पूरा करना और बेहतर सेवा देना आसान हो। इससे आपके, हमारे शेयरधारकों के धन वृद्धि होगी। एक सशक्त निगमित नीति पर काम करते हुए आपकी कंपनी ने पिछले 5 वर्षों के दौरान




**माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी शहर गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क राष्ट्र को समर्पित किया, जो ''प्रधान मंत्री ऊर्जा गंगा'' से जुड़ा हुआ है, उत्तर प्रदेश के माननीय राज्यपाल श्री राम नाईक, उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित रहे।**

औसत रूप से लागत पूंजी पर 13% की शानदार आमदनी और लाभांश भुगतान अनुपात लगभग 40 प्रतिशत दर्ज किया है।

निरंतर मजबूत प्रदर्शन और शेयरधारकों को आकर्षक लाभ देने की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए आपकी कंपनी ने मार्च 2018 में 1:3 बोनस शेयर देने के अतिरिक्त वित्त वर्ष 2017–18 के दौरान अब तक का सबसे अधिक लाभांश (अंतरिम लाभांश समेत) 1619 करोड़ रु. देने की अनुशंसा की है। यह कंपनी में आपके अटूट विश्वास का सम्मान है।

कंपनी ने कारोबार में मज़बूती और विकास का रुझान जारी रखते हुए चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में बिक्री में 17 प्रतिशत की जोरदार वृद्धि की। यह आंकड़ा विगत वित्त वर्ष की इसी तिमाही की तुलना में है।

## पाइपलाइन की पहुंच का विस्तार

गेल भारत के प्राकृतिक गैस बाज़ार में एक प्रमुख मिडस्ट्रीम इन्फ्रास्ट्रक्चर कम्पनी है और वर्तमान में पाइपलाइन के कई परियोजनाओं पर कार्यरत है। कंपनी का प्रयास अगले 3 वर्षों में मौजूदा नेटवर्क में 5500 किलोमीटर गैस पाइपलाइन का बड़ा विस्तार करना है। इतने बड़े स्तर पर पहली बार काम हो रहा है। साथ ही, हमारा लक्ष्य वर्तमान आधार की तुलना में 50 प्रतिशत क्षमता विस्तार करना है।

आपको सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि देश की महत्वाकांक्षी गैस परिसंचरण परियोजना ***'प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा'*** का कार्य नियत समय के अनुसार प्रगति पर है जिसमें 2,600 किमी. लम्बी सभी प्रमुख ट्रंक लाइन पाइप अवार्ड पूरा किया जा चुका है तथा अन्य संबंधित गतिविधियां तेजी से चल रही हैं। फूलपुर से वाराणसी तक पाइपलाइन को चालू कर दिया गया है और गेल, पवित्र नगर वाराणसी को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति कर रही है। स्वयं भारत के माननीय प्रधानमंत्री ने यह पाइपलाइन राष्ट्र को समर्पित की है। इसके अतिरिक्त भुवनेश्वर और कटक में शहर गैस वितरण (CGD) का काम शुरू कर दिया गया है।

जहां तक पाइपलाइन और सीजीडी परियोजना की बात है, गेल के लिए पिछले कई महीनों का सफर उपलब्धियों भरा रहा है। कंपनी को बरौनी से गुवाहाटी तक अतिरिक्त 750 किलोमीटर प्राकृतिक गैस पाइपलाइन निष्पादित करने की जिम्मेदारी दी गई है। यह परियोजना जगदीशपुर–हल्दिया–बोकारो–धामरा प्रोजेक्ट का एकीकृत विस्तार है। गुवाहाटी की पाइपलाइन को उत्तर–पूर्व के लिए परिकल्पित 1500 किमी. के 'इंद्रधनुष' पाइपलाइन नेटवर्क से परस्पर जोड़ दिया जाएगा। जिसका प्रचालन बड़ी सार्वजनिक तेल एवं गैस कंपनियों द्वारा किया जायेगा और इस उद्यम की एक अग्रणी साझेदार आपकी कम्पनी है।

सीजीडी के दृष्टिकोण से भी यह वर्ष बहुत सक्रिय रहा है। आपकी कंपनी ने दिन रात एक कर अपनी अनुषंगी और सहायक उद्यमों के समन्वय से वित्त वर्ष 2017–18 में 5,00,000 घरों को पीएनजी कनेक्शन दिए और हमारे 120 सीएनजी स्टेशन खुले। इस खण्ड में यह अब तक का सर्वाधिक कनेक्शन है। रांची, जमशेदपुर, पटना और कोलकाता में भी विभिन्न चरणों में सीजीडी का चरणबद्ध कार्य प्रगत्यधीन है। आपको अवगत कराना चाहूँगा कि आपकी कंपनी के सीजीडी सहयोगी गुवाहाटी, रुड़की, मेरठ, देहरादून, मेंगलौर आदि सहित 15 भौगोलिक क्षेत्रों के लिए 9वें राउंड की प्रतिस्पर्धा जीत चुके हैं। हाल ही में आपकी कंपनी ने पश्चिम बंगाल की राजधानी में शहर गैस वितरण परियोजना स्थापित करने के लिए कोलकाता में सहायक कंपनी का गठन किया है। आने वाले कुछ महीनों और वर्षों में आपकी कंपनी खुद के गैस रिटेल कारोबार और सीजीडी कंपनियों के माध्यम से होने वाले कारोबार के मद पर गैस रिटेल की विशाल कंपनी बन कर उभरेगी।

## गैस मूल्य श्रृंखला से जुड़े निवेश में तेजी

आपकी कंपनी ने रामगुंडम में प्राकृतिक गैस आधारित यूरिया उर्वरक उत्पादन केंद्र में 14.3 प्रतिशत की रणनीतिक महत्व की साझेदारी की है। इसकी क्षमता 1.27 MMTPA है। कंपनी वित्त वर्ष 2019–20 से रामगुंडम फर्टिलाइजर्स एण्ड केमिकल्स लिमिटेड को प्राकृतिक गैस आपूर्ति करने के लिए प्रयासरत है। इस उद्देश्य के लिए आवश्यक करार भी इस वर्ष पूरे कर लिए गए।

इसके अतिरिक्त, आपकी कंपनी तलचर स्थित कोयला गैसीफिकेशन आधारित यूरिया खाद संयंत्र को आगे बढ़ा रही है। बुनियादी स्तर पर प्रोजेक्ट के विभिन्न कार्यों से जुड़े प्रमुख लक्ष्य हासिल कर लिए गए हैं और समारोहपूर्वक भूमि पूजन के लिए उल्टी गिनती शुरू हो गई है।

मिड–स्ट्रीम इन्फ्रास्ट्रक्चर खण्ड के साथ आपकी कंपनी की एक बड़ी उपलब्धि धामरा टर्मिनल प्राइवेट लिमिटेड के साथ टोलिंग करार पूरा करना है। इसके साथ हम ओडिशा में 1.5 MMTPA रीगैसीफिकेशन क्षमता दर्ज कर देंगे। यह पूर्वी क्षेत्र में आरएलएनजी/एलएनजी की आपूर्ति सुनिश्चत करने का एक अन्य प्रवेशमार्ग होगा।

वर्ष के दौरान दाभोल में आरजीपीपीएल डीमरजर के बाद कोंकण एलएनजी प्राईवेट लिमिटेड नाम की सहायक कंपनी का गठन किया गया है।

ऊर्जा प्रधान काम काज में कार्बन फुटप्रिंट कम करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए गेल ने इस वर्ष पाता पेट्रोकेमिकल्स कॉम्प्लेक्स में 5.76 MWp के रूफटॉप सोलर पैनल लगवाए हैं। हाइड्रोकार्बन इंडस्ट्री में सोलर पैनल लगाने के इस अभूतपूर्व कार्य के साथ गेल ने इतिहास रच दिया है। साथ ही, इसे देश का दूसरा सबसे बड़ा इंडस्ट्रियल रूफटॉप सोलर पावर प्लांट बनने का गौरव प्राप्त है।

## सशक्त नियंत्रण

आपकी कंपनी सभी शेयरधारकों के लिए मूल्यवर्द्धन करते हुए सदैव पारदर्शी और सर्वश्रेष्ठ नैतिक मूल्यों के सुशासन को अपनाती है। इसका प्रमाण वित्त वर्ष 2017–18 में लगातार 9वीं बार सीएजी द्वारा गेल पर कोई टिप्पणी (शून्य) नहीं करना है।

## आगे की राह

आपकी कंपनी का भारत के प्राकृतिक गैस इन्फ्रास्ट्रक्चर और मूल्य शृंखला में रणनीतिक महत्व है। हाल के वर्षों में पोर्टफोलियो में 8.3 MMTPA की वृद्धि के साथ एलएनजी की आपूर्ति आरंभ कर आपकी कंपनी 14 एमएमटीपीए की बिक्री योग्य मात्रा के साथ समकक्ष वैश्विक कम्पनियों में 9 वें स्थान पर आ गई है। अमेरिकी और रूसी संगठनों के साथ एलएनजी के करार के बाद, न केवल गैस मार्केटिंग कारोबार में हम नई ऊंचाई पर पहुंच गए हैं, बल्कि कई अन्य उद्देश्यों से हमने अपने अनुभव और प्रबंधन का दायरा बढ़ा लिया है। ये उद्देश्य हैं चार्टर–हायर आधार पर एलएनजी जहाजों का परिचालन, जोखिम दूर करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में व्यापार और नए अवसरों का लाभ लेना। इनके अतिरिक्त हम ने भागीदारों और शेयरधारकों के मूल्यवर्द्धन के मकसद से महत्वपूर्ण करारों के अभिनव प्रयास किए हैं।

गेल ने 25,000 करोड़ रु. के प्राकृतिक गैस में मिडस्ट्रीम इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट को साकार करने के लक्ष्य से आवश्यक भागीदारी का विस्तार किया है जिससे भारत के ग्राहकों को बेहतर सेवा मिलेगी। साथ ही, लगभग 10,000 करोड़ रु. के सीजीडी इन्फ्राइन्वेस्टमेंट को बल मिलेगा और आपकी कंपनी की ऐतिहासिक यात्रा में एक नया अध्याय शुरू होगा।

गेल ने कड़ी प्रतिस्पर्धा के बदलते परिवेश में खुद को बदला है और सेवाओं में सुधार करते हुए ग्राहकों की नई नई उम्मीदों को पूरा किया है। आपकी कंपनी की नींव मज़बूत है। कार्मिक प्रतिबद्ध हैं और नेतृत्व उनके समर्थन में खड़ा है जो कंपनी को सुनहरे भविष्य की ओर लेकर आगे बढ़ रहा है।

गैस कारोबार के बदलते परिदृश्य में कंपनी की नीति आगे बढ़ कर, नयापन को अपनाने की रही है। इसका प्रमाण कंपनी का ऑनलाइन पोर्टल लांच करना है ताकि खुलेपन के नियामक ढांचे में हम ट्रांसमिशन की बुकिंग क्षमता बढ़ाने के लिए बाज़ार की अभिरुचि बढ़ाएं। ऑनलाइन व्यापार क्षमता कायम करने के अनुभव का लाभ लेते हुए हम अपनी रणनीति को अधिक ठोस बनाएंगे और भारत जिस हब आधारित गैस व्यापार बाज़ार का विकास करना चाहता है उसके लिए कौशल विकास कर लेंगे। भारत सरकार के इस प्रयास में गेल का अहम् योगदान रहा है।

जैसा कि मैंने पहले आपको बताया है कि आपकी कंपनी वर्षों से भारत में और विदेशों में बनाए गए ठोस आधार पर उड़ान के लिए उड़ने को तैयार है। हम नई प्रौद्योगिकियों और मूल्य संवर्धित विशेषज्ञताओं के साथ अगामी अवसरों का लाभ उठाने के लिए नई रणनीतिक तैयारी कर रहे हैं और साथ ही, हम अपने मिडस्ट्रीम अवसंरचनाओं तथा प्राकृतिक गैस मूल्य शृखंला के कोर निवेश और परिसंपत्तियों को मजबूत करने के लिए तत्पर हैं।

## सतत सामाजिक देखभाल और अपनापन

आपकी कंपनी पंद्रह लाख से अधिक गरीब भारतीयों की ज़िन्दगी बदलने का सतत प्रयास कर रही है। उनकी आकांक्षाओं को मुख्यधारा से जोड़ कर उन्हें एक नई ज़िन्दगी के सफर पर चलने का कौशल, हौसला और आत्म–सम्मान दिया है। वंचित वर्गों के सशक्तिकरण के लिए आपकी कंपनी के बुनियादी कार्यक्रमों को 'हिन्दुस्तान पीएसयू अवार्ड 2018' के तहत सीएसआर के उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित और पुरस्कृत किया गया।

आपकी कंपनी ने एक जिम्मेदार निगमित नागरिक की भांति डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए विभिन्न समुदायों और विशेष कर युवाओं को स्वच्छ हवा के महत्व के प्रति जागरूक करने और शहरों में हवा की गुणवत्ता के सूचकांक में सुधार के लिए प्राकृतिक गैस आधारित तकनीक अपनाने की वकालत करने का कार्य किया है। इस उद्देश्य से तैयार हमारा ***'हवा बदलो'*** कैम्पेन बहुत लोकप्रिय हुआ है। यह 5 करोड़ से अधिक लोगों तक पहुंचा है जो आश्चर्यजनक और अप्रत्याशित उपलब्धि है। मैं इस अवसर पर सभी भागीदारों का आभार व्यक्त करता हूं जो बतौर स्वच्छतम ईंधन प्राकृतिक गैस को पहली प्राथमिकता देकर हरित भारत निर्माण के हमारे मिशन में हमारा संबल रहे हैं।

## आभार

अंत में मैं आपकी कंपनी के निदेशक मंडल की ओर से केंद्र सरकार के सभी विभागों, विशेष कर पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, राज्य सरकारों, नियामक एवं वैधानिक प्राधिकरणों का उनके निरंतर सहयोग और कंपनी के सभी प्रयासों में सहयोग प्रदान करने के लिए दिल से आभार व्यक्त करता हूं।



**गेल का पहला चार्टर एलएनजी पोत – एमवी मेरिडियन स्पिरिट यूएसए से देश के पहले एलएनजी कार्गो के साथ भारत पहुंचा। श्री धर्मेंद्र प्रधान, माननीय केंद्रीय मंत्री पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस और कौशल विकास तथा उद्यमशीलता, श्री पैट्रिक सैंटिलो, काउंसलर फॉर कमर्शियल अफेयर्स मंत्री, अमेरिकी दूतावास, श्री बी सी त्रिपाठी, सीएमडी, गेल और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति में दाभोल (महाराष्ट्र) में इसे उतारने के लिए डॉक किया गया।**

मैं, गेल का वर्तमान संवारने में अथक योगदान देने के लिए कंपनी के सभी कार्मिकों का धन्यवाद ज्ञापन करता हूं। मुझे विश्वास है कि उनके इस सहयोग से आपकी कंपनी भविष्य में नई ऊंचाइयों को छुएगी।

इस अवसर पर मैं हमारे लिए महत्वपूर्ण सभी ग्राहकों, कारोबार में भागीदारों और सभी शेयरधारकों का कंपनी के साथ अटूट रिश्ता कायम रखने के लिए आभार व्यक्त करता हूं। आपकी कंपनी के विकास कार्यों में उन्होंने हमेशा समर्थन और शक्तिवर्द्धन किया है।

आपकी महारत्न कंपनी के इस अद्भुत सफर में हम सभी का प्रयास आपके निवेश को अधिक मूल्यवान बनाना है और व्यक्तिगत तौर पर पिछले कई वर्षों का यह अनुभव मेरे लिए एक दिलचस्प और ज्ञानवर्द्धक अभियान रहा है। मैं एक बार फिर बोर्ड की ओर से सभी शेयरधारकों का आभार और सम्मान व्यक्त करता हूं। कंपनी में आपकी अटूट आस्था और तर्कसंगत विश्वास ने गेल को आसमान छूने का हौसला दिया है। मुझे विश्वास है आप सभी का सहयोग बना रहेगा।

आप सभी देवियों और सज्जनों का पुनः धन्यवाद।



**बी.सी. त्रिपाठी**

अध्यक्ष एवं प्रबंधक निदेशक

***टिप्पणी :*** *नई दिल्ली में दिनांक 11 सितम्बर, 2018 को आयोजित 34वीं आम सभा में दिए गए अध्यक्ष के भाषण का उद्धरण। यह वार्षिक आम बैठक की कार्यवाही का रिकार्ड नहीं है।*

# AGM Speech of Chairman & Managing Director



**Shri B. C. Tripathi**
**Chairman & Managing Director**

*Dear Share Owners,*

Ladies and Gentlemen!

Good Morning!

On behalf of the Board, I warmly welcome you to the 34th Annual General Meeting of your Company.

Your Company is celebrating its 35th year of formation and it is indeed a privilege and honour for me to present the annual performance of your Company, at this historic moment. The year under review witnessed your Company grow multi-dimensionally and also achieve path-breaking success. GAIL as a pioneer of Indian natural gas markets for over three decades is today reckoned as an integral entity for taking forward Government of India's mission of expanding the gas based clean and green energy landscape, across the country.

To facilitate your careful study, the Annual Report for the financial year ending March 31, 2018 along with the AGM notice were circulated in advance and I consider the items as read.

## Record Growth

Supported by robust economic activity in the country, your Company posted significant increment in physical volumes across business segments; natural gas transmission and gas trading verticals posted 5% growth over previous fiscal year whereas petrochemicals and liquid hydrocarbons stepped up volume expansion by 17%.

I am pleased to share that your Company recorded a life time high in performance excellence by registering Profit-after-Tax at ₹ 4,618 crore on a turnover of ₹ 53,690 crore (standalone basis). Growth in PAT has been 32% over previous fiscal year.

For managing the twin objectives of competitiveness and profitability, your Company initiated several measures during the year to optimize the LNG portfolio through destination and time swap term contracts with reputed global players and also undertook commodity hedging to offset risks arising out of commodity price volatilities. In an effort to align downstream market expectations in tune with current realities, long-term LNG SPA with M/s Gazprom Marketing & Trading Services has been mutually reworked and stands out as a notable exception in the international market.

In the last few years, your Company has transformed in character to enlarge its range and reach of products and services to support economic objectives and serve society as we strive to enrich wealth creation for you, our shareholders. On a sound corporate strategy, your Company's growth on an average during the past five years has provided a spectacular return on Capital employed at about 13.6% and contributed to a Dividend pay-out ratio of around 40%.

In furtherance of strong performance and the continued tradition of rewarding shareholders, your Company recommended the highest ever dividend (including interim dividend) of ₹ 1,619 crore during the fiscal 2017-18, in addition to




**Hon'ble Prime Minister Shri Narendra Modi dedicated to the Nation the Varanasi City Gas Distribution (CGD) network, which is connected to the 'Pradhan Mantri Urja Ganga', in the presence of Hon'ble Governor of Uttar Pradesh Shri Ram Naik, Hon'ble Chief Minister of Uttar Pradesh Shri Yogi Adityanath and a host of other dignitaries**

issuance of 1:3 Bonus Shares in March 2018, as a recognition of your unwavering faith in the Company.

Maintaining the trend of strength and growth, your Company has posted robust sales growth to register 17% increase in Q1 profits during the current financial year over the comparative quarter of previous year.

## Expanding Pipeline Footprints

Your Company, being the premier midstream infrastructure player in the natural gas market of India, is working on multiple pipeline projects concurrently. The scale of action is unprecedented on this front as your Company endeavours to add 5,500 km gas pipelines to the existing network and leapfrog to capacity augmentation by about 50% on the current base in the next 3 years in phases.

I am happy to share with you that the prestigious gas transmission project *'Pradhan Mantri Urja Ganga'* is progressing as per schedule as concurrent work across various sections is underway at a brisk pace along the 2,600 km long trunkline. The pipeline section from Phulpur to Varanasi has been commissioned, paving way for GAIL to commence natural gas supplies at the Holy City after it was dedicated to the Nation by the Hon'ble Prime Minister of India. In addition, gas supplies through City Gas Distribution (CGD) networks of your Company has commenced at Bhubaneswar and Cuttack, during the year.

On the front of pipelines and CGD projects, it has been an eventful journey in the past several months. It is pleasure to share that your Company has been entrusted to execute an additional 750 km long natural gas pipeline from Barauni to Guwahati as an integrated extension to the Jagadishpur-Haldia-Bokaro-Dhamra project. The proposed pipeline upto Guwahati would inter-connect with the upcoming 1,500 km 'Indradhanush' pipeline network conceived to operate in North-East by the public sector Oil & Gas majors; your Company is a leading partner in this enterprise.

The year was action oriented in the CGD space. Your Company worked in close coordination with the subsidiary and Joint Venture Companies to achieve record PNG connections to over 5,00,000 households and establish 120 CNG stations during FY 2017-18, under the segment. Even as CGDs at Ranchi, Jamshedpur and Patna are under phased execution, under the 9th round of bidding CGD affiliates of your Company have competitively won a total of 15 geographical areas and includes- Guwahati, Rourkela, Meerut, Dehradun, Mangalore etc. Recently your Company formed a subsidiary at Kolkata for establishing city gas distribution project at the capital of West Bengal State. In the months and years to come, gas retailing by your Company, directly and through the CGD companies, would metamorphose into a noteworthy gas retailing corporation.

## Allied Investments dove-tailing Gas Value Chain

Your Company strategically subscribed to 14.3% equity investments in the natural gas based urea fertilizer unit at Ramagundam with production capacity of 1.27 MMTPA. Your Company also endeavours to supply natural gas to the Ramagundam Fertilizers and Chemicals Ltd., from FY 2019-20 onwards and executed necessary agreements to this effect, during the year.

Further, your Company is also leading the coal gasification based urea fertilizer unit at Talcher. Major milestones to commence on-ground project activities have been achieved and count down has already begun for the ceremonial ground breaking.

In yet another significant development along the mid-stream infrastructure segment, your Company has executed a Tolling Agreement with Dhamra LNG Terminal Pvt. Ltd. for booking 1.5 MMTPA regasification capacity at Odisha as an additional gateway for securing RLNG/LNG supplies in the eastern region.

During the year, the Konkan LNG Private Limited was formed post de-merger of the RGPPL assets at Dabhol. GAIL now has the management flexibility to expand utilisation of the asset and undertake project activities to enable all weather LNG discharge operations at the port.

In our journey towards ensuring lower carbon footprints in our energy intensive processes, during the year, GAIL commissioned rooftop solar PV installation of 5.76 MWp at Pata Petrochemicals Complex and created history as India's first such installation in the hydrocarbon industry and also has a distinction of being the country's second largest industrial PV roof top solar power plant.

## Robust Governance

Your Company has been upholding highest standards of transparent and ethical governance practices while creating value for all the stakeholders. In testimony, for 9th year in succession, GAIL has received 'NIL' comments from the CAG for FY 2017-18.

## Way ahead

Your Company is strategically placed as an institution of excellence and eminence in the natural gas infrastructure and value chain in India. You would be glad to know that LNG supplies have commenced under long-term portfolio that witnessed an addition of 8.3 MMTPA in recent years. Your Company joins the class of elite global majors and now ranks 9th with an aggregate marketable volume of about 14 MMTPA. The LNG tie-ups with USA and Russian entities has not just taken the scale of gas marketing operations up by a few notches, but, have added experience and managerial bandwidth in operating LNG Ships on Charter-hire, trading in international markets for opportunity based and portfolio optimisation plays as also in exploring innovative contractual measures that create value for stakeholders and shareholders.

GAIL has also significantly expanded engagement towards shaping natural gas midstream infrastructure projects of ₹25,000 crore to serve Indian consumers even as it simultaneously supports CGD infra investments to the tune of ₹10,000 crore and this goes about defining a new chapter in the historic journey of your Company.

GAIL has journeyed to transform and service the changing expectations of consumers in a dynamic environment of intense competition. Robust foundations, committed workforce and supportive leadership are driving Your Company to a better tomorrow.

Recent launch of online portal for expanding market interest for booking transmission capacity under regulatory framework of open access is a reflection of your Company's proactive strategy in a changing environment of gas business. Experience gained from trading capacity online could contribute to fine tuning requisite strategy and skills for a hub based gas trading market that India is striving to construct. GAIL is a significant contributor to this endeavour of Government of India.

As I shared earlier, your Company is on the cusp of expanding wings based on the solid foundation that it has created over the years in India and overseas markets, we are formulating a new strategic course for pursuing future opportunities based on new technologies and value added specialities even as we endeavour to strengthen our core investments and assets in the midstream infrastructure and natural gas value chain.

## Sustainable Social Care & Warmth

Your Company has on a sustained basis contributed to touch over million and a half marginalised lives and mainstreamed their aspirations for embarking on a life transforming journey based on skills, confidence and a sparkle of self-respect. Your Company's modest involvement in grass-root driven programmes for empowering the underprivileged has been recognized and awarded for excellence in CSR practices under 'Hindustan PSU Award 2018'.

Your Company as a responsible citizen has worked on digital platforms towards sensitizing various communities and youth in particular on solutions for clean air while advocating adoption of natural gas based technologies as a significant contributor for improving urban air quality index. The ***'Hawa Badlo'*** campaign has been running successfully and has an unexpected and overwhelming outreach of over 50 million people. I take the opportunity to sincerely acknowledge the strength provided by the expanding scale of stakeholders associated in our mission for greening India through natural gas as the choicest fuel.

## Acknowledgement

At the end, I on behalf of the Board of your Company, would like to convey my deepest gratitude to the Central Government departments especially to Ministry of Petroleum & Natural Gas, State Governments, regulatory and statutory authorities for constantly supporting and facilitating your Company in all its endeavours.



**GAIL's first charter hired LNG vessel - MV Meridian Spirit, arrived in India with the country's first LNG Cargo sourced from USA. It docked for unloading at Dabhol (Maharashtra) in the august presence of Shri Dharmendra Pradhan, Hon'ble Minister for Petroleum & Natural Gas and Skill Development & Entrepreneurship, Mr Patrick Santillo, Minister Counselor for Commercial Affairs, US Embassy, Shri B C Tripathi, CMD, GAIL and other dignitaries**

I would like to convey my deepest appreciation to the dedicated efforts of the employees of your Company in shaping GAIL's present and propel it achieving newer milestones in an evolving future.

I also take this opportunity to express gratitude to the valued customers, business associates and all the stakeholders for sharing a profound relationship with the Company and constantly supporting and strengthening the developmental efforts of your Company.

In this incredible journey of your Maharatna Company, while we endeavour constantly to enhance returns on your investments, it has been equally an endearing and enriching expedition for me, personally, over the years. I would like to record my sincere acknowledgement and gratefulness to the shareholders on behalf of the Board for your strong and reasoned belief in the Company. GAIL is charting a new journey and I look forward to your continued support in this endeavour.

Thank You, Ladies and Gentlemen.

**B. C. Tripathi**
Chairman & Managing Director

***Note*** *: Excerpts from the Chairman's speech at the 34th Annual General Meeting held on the 11th September, 2018 at New Delhi. This does not purport to be a record of the proceedings of the Annual General Meeting.*

# GAIL (India) Limited

Regd. Off. : 16, Bhikaiji Cama Place, R.K. Puram, New Delhi-110066
Website : www.gailonline.com
Corporate Identification No.: L40200DL1984GOI018976